मेरठ में 28 क्विंटल नकली पनीर बरामद, सगे भाई चला रहे थे फैक्ट्रियां, दिल्ली-उत्तराखंड तक होती थी सप्लाई

लखनऊ से आई खाद्य विभाग की विशेष टीम और मेरठ पुलिस ने गुरुवार को जानी थाना क्षेत्र के नगला कुंभा गांव में नकली पनीर बनाने वाली दो फैक्ट्रियों पर छापेमारी की. सगे भाई हामिद और जाबिर अपने गांव में अवैध रूप से मिलावटी पनीर तैयार कर दिल्ली, उत्तराखंड और एनसीआर के जिलों में सप्लाई कर रहे थे. शिकायत के आधार पर आयुक्त डॉ. रोशन जैकब के निर्देश पर हुई इस कार्रवाई में हामिद की फैक्ट्री से 16 क्विंटल और जाबिर की फैक्ट्री से 12 क्विंटल नकली पनीर बरामद हुआ. टीम ने पनीर के साथ मौके से भारी मात्रा में पामोलिन तेल, मैदा और संदिग्ध केमिकल बरामद कर पूरा स्टॉक नष्ट करा दिया. छापेमारी के दौरान दोनों आरोपी भाई मौके से फरार हो गए.

Source: https://www.aajtak.in/uttar-pradesh/story/28-quintals-of-fake-and-adulterated-paneer-seized-in-meerut-brothers-running-factory-lclam-strc-2526032-2026-04-17